


**हरबंस कपूर**
अध्यक्ष
विधान सभा उत्तराखण्ड

उत्तराखण्ड, विधान सभा

कार्यालय : (0135) 2665885
फैक्स : (0135) 2666788


सं0 2275
दि0 10.05.08

## सन्देश

मुझे यह जानकर अति प्रसन्नता हुई है कि पं0 सुरेन्द्र दत्त भट्ट मैमोरियल एवं चैरिटेबल ट्रस्ट, गूलरघाटी रोड, नकरौंदा द्वारा साईं स्थानम मन्दिर का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें भगवान दत्तात्रेय की मूर्ति की स्थापना हो चुकी है और क्षेत्रीय विकास भी किया जा चुका है।

इन सभी धार्मिक कार्यों के लिए भट्ट बन्धुओं ने छः बीघा भूमि उपलब्ध करायी है और भविष्य में उनके द्वारा लगभग छः बीघा और भूमि उपलब्ध करा कर इस पूरे क्षेत्र को एक धार्मिक आस्था का केन्द्र स्थापित करने का इरादा है। इस केन्द्र में मन्दिर के अतिरिक्त धर्मशालाओं का भी निर्माण किया जाएगा और स्कूल की स्थापना भी की जाएगी, जिससे आने–जाने वाले यात्रियों के ठहरने की व्यवस्था हो सके साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों की शिक्षा का प्रबन्ध भी किया जा सके।

अपने निजी पारिवारिक योगदान के अतिरिक्त इन सभी कार्यों को सम्पन्न कराने हेतु समाज सेवी संस्थाओं से योगदान लिया जाएगा, जिससे कि उनका पूरा केन्द्र समाज के प्रति उत्तरदायी रहे और किसी व्यक्ति का इस पर आधिपत्य न हो सके।

मैं श्री विजेन्द्र भट्ट जो इस ट्रस्ट के संचालक हैं, और सभी सदस्यों को इस महत्वपूर्ण कार्य में योगदान देने के लिए अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ और मुझे पूरा विश्वास है कि सुरेन्द्र दत्त मैमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा इस केन्द्र की नींव रखी गयी है वह पूरे क्षेत्र के लिए एक प्रेरणा का केन्द्र भी बनेगी।

**हरबंस कपूर**
10.05.08

**श्री विजेन्द्र भट्ट (संचालक),**
**पं0 सुरेन्द्र दत्त भट्ट मैमोरियल एवं चैरिटेबल ट्रस्ट,**
**गूलरघाटी रोड, नकरौंदा,**
**देहरादून।**